# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में किस जिले की की आकांक्षा चौधरी ने 18 जुलाई को मिसेज इंडिया 2026 का खिताब जीता**

(A) जोधपुर

(B) धौलपुर

**(C) अजमेर**

(D) इनमें से कोई नही

अजमेर की आकांक्षा चौधरी ने 18 जुलाई को मिसेज इंडिया 2026 का खिताब जीता

सात महीने के बच्चे की मां आकांक्षा ने यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

आकांक्षा चौधरी ने बताया कि वह पहले से एक कंटेंट क्रिएटर हैं और LinkedIn व Instagram पर उनके करीब 4 से 5 लाख फॉलोअर्स हैं.

## Yesterday Revision

प्रश्न 1: राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन कब और कहाँ किया गया?
उत्तर: इसका आयोजन 24 जुलाई 2026 को जयपुर में किया गया।
प्रश्न 2: नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में देश का कौन सा राज्य सबसे आगे है?
उत्तर: राजस्थान (यहाँ सबसे अधिक 1,192 किलोमीटर लम्बाई के एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है)।
प्रश्न 3: इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव 2026 (सीजन-3) का आयोजन राजस्थान के किस शहर में हुआ?
उत्तर: जयपुर में (19 और 20 जुलाई 2026 को फेयरमोंट होटल में)।
प्रश्न 4: बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाली IKF अंडर-19 एशिया कोर्फबॉल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान की किस खिलाड़ी का चयन भारतीय टीम में हुआ है?
उत्तर: क्षितिजा शर्मा का।
प्रश्न 5: चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड 2026' से किस संस्था द्वारा सम्मानित किया गया है?
उत्तर: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) चूरू में पहली बार संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के कोप-17 से पहले राष्ट्रीय स्तर का प्री-कोप संवाद आयोजित किया गया

(B) 26 जुलाई को 'ए कंट्री ऑफ द गंग कैनाल : लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट' विषय पर आयोजन

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर चूरू में पहली बार संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (यूएनसीसीडी) के कोप-17 से पहले राष्ट्रीय स्तर का प्री-कोप संवाद आयोजित किया गया।

👁️‍🗨️ गंगनहर की स्थापना के शताब्दी वर्ष (1927-2027) के उपलक्ष्य में 26 जुलाई को 'ए कंट्री ऑफ द गंग कैनाल : लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट' विषय पर यह महत्वपूर्ण संवाद ग्रैंड शेखावाटी होटल में सुबह 9:15 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुआ

👁️‍🗨️ कार्यक्रम का आयोजन अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकॉलॉजी एंड द एनवायरनमेंट (एटीआरईई) तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) दुनिया की प्रतिष्ठित पर्यटन मैगजीन Travel + Leisure ने World's Best Awards 2026 की रैंकिंग जारी की है

(2) राजस्थान के दो प्रमुख शहरों उदयपुर और जयपुर ने दुनिया के टॉप 20 बेस्ट सिटीज में जगह बनाई है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

दुनिया की प्रतिष्ठित पर्यटन मैगजीन Travel + Leisure ने World's Best Awards 2026 की रैंकिंग जारी की है, जिसमें राजस्थान के दो प्रमुख शहरों उदयपुर और जयपुर ने दुनिया के टॉप 20 बेस्ट सिटीज में जगह बनाई है।

इस रैंकिंग में उदयपुर को 12वां स्थान मिला है, जबकि जयपुर 16वें स्थान पर रहा है। दोनों शहरों को उनकी ऐतिहासिक धरोहर, शाही वास्तुकला, संस्कृति, खान-पान और पर्यटकों के अनुभव के आधार पर चुना गया है।

Travel + Leisure की एशिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में भी जयपुर और उदयपुर ने जगह बनाई है। एशिया के टॉप 10 बेस्ट सिटीज में उदयपुर 8वें स्थान पर और जयपुर 10वें स्थान पर रहा है।

वहीं, दुनिया के टॉप शहरों की सूची में मैक्सिको का सैन मिगुएल डी एलेंडे पहले स्थान पर रहा

03.हाल ही में दिल्ली में आयोजित समारोह में वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर की छात्रा व युवा साहित्यकार प्रतीक्षा यादव को प्रतिष्ठित 'भारत सम्मान 2026' से नवाजा गया?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

👁‍🗨 दिल्ली में आयोजित समारोह में वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर की छात्रा व युवा साहित्यकार प्रतीक्षा यादव को प्रतिष्ठित 'भारत सम्मान 2026' से नवाजा गया।

👁‍🗨 देशभर की 51 विशिष्ट प्रतिभाओं में शामिल प्रतीक्षा को यह सम्मान साहित्य, हिंदी भाषा संवर्धन और ओजस्वी वक्तव्य के लिए दिया गया

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से जारी शक्तियों और संसाधनों के हस्तांतरण की रिपोर्ट के अनुसार कर्मचारियों की उपलब्धता के मामले में राजस्थान 11वें स्थान पर है।

(2) ओवरऑल रैंकिंग में कर्नाटक पूरे देश में पहले स्थान पर है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से जारी शक्तियों और संसाधनों के हस्तांतरण की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

- प्रदेश में पंचायतों की शक्तियां और अधिकार लगातार बढ़े हैं, लेकिन जवाबदेही और सोशल ऑडिट के मापदंडों पर खरी नहीं उतर रही। इस संबंध में संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार सामान्य श्रेणी के 18 राज्यों में राजस्थान 14वें स्थान पर है।
- जबकि यहां की पंचायतों को सीधे काम और अधिकार सौंपने के मामले में राजस्थान देश में चौथे स्थान पर है। इसी तरह वित्तीय अधिकार देने और बजट आवंटन के मामले में भी प्रदेश चौथे स्थान पर
- पंचायतीराज मंत्रालय ने 6 अलग-अलग मानकों को मिलाकर रिपोर्ट तैयार की है। ओवरऑल रैंकिंग में कर्नाटक पूरे देश में पहले स्थान पर है।
- जवाबदेही का स्तर राजस्थान की तुलना में बेहतर है। कर्मचारियों की उपलब्धता के मामले में राजस्थान 11वें स्थान पर है।

**05. फार्मर आईडी तैयार करने में पूरे देश में राजस्थान का कौनसा स्थान है।**

(A) दूसरा

(B) पहला

(C) चौथा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

फार्मर आईडी तैयार करने में पूरे देश में राजस्थान का चौथा स्थान है

👁️ सरकारी आंकड़ों के अनुसार फार्मर आईडी तैयार करने में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है, जहां 2.43 करोड़ से अधिक किसानों की डिजिटल पहचान बनाई जा चुकी है। इसके बाद महाराष्ट्र (1.35 करोड़), मध्य प्रदेश (1.13 करोड़) और राजस्थान (87.23 लाख) का स्थान है।

👁️ 20 जुलाई 2026 तक 10.18 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर आईडी (डिजिटल किसान आईडी) तैयार की जा चुकी है। इस डिजिटल पहचान के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और आसान तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है।

👁️ फार्मर आईडी का उद्देश्य किसानों को अलग-अलग सरकारी योजनाओं और सेवाओं से एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जोड़ना है।

जयपुर, शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-155

1. **विश्वकर्मा** उद्यमी योजना' के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए कितने रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है?
(A) 5 लाख रुपये (B) 10 लाख रुपये
(C) 15 लाख रुपये (D) 25 लाख रुपये

2. **जल** जीवन मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत सभी संपत्तियों की जियो-टैगिंग और नियमित प्रगति की मॉनिटरिंग किस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर की जाएगी?
(A) सुजलम भारत प्लेटफॉर्म
(B) ई-जलशक्ति पोर्टल
(C) जल दर्पण ऐप
(D) राजस्थान हर घर जल पोर्टल

3. **राजस्थान** के पर्यटन क्षेत्रों और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?
(A) शेखावाटी : हवेलियां
(B) जैसलमेर : रेगिस्तान
(C) बांसवाड़ा-डूंगरपुर : प्राकृतिक सुंदरता
(D) भरतपुर : धार्मिक आभा

4. **राज्य** में उद्योगों की स्थापना और निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए 'राज निवेश पोर्टल' पर वर्तमान में कितने विभागों की सेवाएं उपलब्ध हैं?
(A) 12 विभागों की
(B) 15 विभागों की
(C) 18 विभागों की
(D) 20 विभागों की

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत पाली जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) टेक्सटाइल के उत्पाद
(B) ग्रेनाईट के उत्पाद
(C) कशीदाकारी
(D) येलो स्टोन के उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार को किस संस्था के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है।**

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ

(B) यूनेस्को

(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine